DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

आशा करती हूँ आपकी वसंत की छुट्टियाँ मज़ेदार और सुरक्षित बीती होंगी। आशा करती हूँ आप इस सेमेस्टर को मजबूती से समाप्त करने के लिए तरोताज़ा होकर और तैयारी के साथ कक्षाओं में वर्चुअल या व्यक्तिगत रूप से लौट आए हैं। 2020-21 स्कूल वर्ष समापन के निकट आने के साथ ही, मैं हमारे सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करना चाहती हूँ कि वे अकादमिक सफलता के प्रयास में अपनी बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन करें।

मैं सभी को यह भी याद दिलाना चाहती हूँ कि आप सभी COVID-19 वायरस संक्रमण को कम करने में अपना योगदान दें। कृपया सोशल डिस्टेन्सिंग रखें, अपना मास्क पहनें, अपने हाथों को धोएं और रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र की शमन रणनीतियों का पालन करें।

## 2021-2022 स्कूल वर्ष

डिस्ट्रिक्ट द्वारा 2021-2022 स्कूल वर्ष की योजना बनाने के साथ ही हम अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों की जरूरतों पर विचार कर रहे हैं। यह ज़रूरी है कि हम विद्यार्थियों के नतीजों पर ध्यान केंद्रित रखें और अगले वर्ष सभी विद्यार्थियों के लिए 5 दिन की पूर्ण-कालिक, व्यक्तिगत शिक्षा की योजना बनाएं। मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक विकल्प के तौर पर वर्चुअल सुदूर शिक्षा पेश करने के लिए हम FLEX अकादमी में विस्तार करने जा रहे हैं। यह वर्चुअल विकल्प FLEX अकादमी का विस्तार होगा लेकिन जो प्रत्येक होम स्कूल से जुड़ा हुआ होगा।

2021-2022 स्कूल वर्ष के संबंध में हमारे DCSD समुदाय से विचार और आइडिया एकत्र करने के प्रयास में, हम अप्रैल 27-29 को क्षेत्रीय/समुदाय टाउन हॉल आयोजित करेंगे। नीचे इन बैठकों की सारणी दी गई है।

वर्चुअल बैठकों में भाग लेने के लिए, क्षेत्रों पर क्लिक करें।

| क्षेत्र | क्षेत्र अधीक्षक | तारीख | समय |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र 1 | Mrs. Melanie Pearch | 27-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 2 | Mr. Trenton Arnold | 28-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 3 | Dr. Sean Tartt | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 4 | Dr. Antonette Campbell | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 5 | Dr. Triscilla Weaver | 27-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 6 | Dr. Candace Alexander | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 7 | Dr. Rodney Swanson | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |

साथ ही, कृपया ध्यान दें कि माता-पिता के लिए अप्रैल में आयोजित की जाने वाली टाउन हॉल बैठक 20 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अतिरिक्त जानकारी जल्दी साझा की जाएगी।

## वैक्सीन

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) को सूचित किया गया कि DeKalb स्वास्थ्य बोर्ड (DCBOH) द्वारा कुछ समय के लिए Johnson & Johnson वैक्सीनेशन का उपयोग नहीं किया जाएगा, पर Pfizer और Moderna प्रदान की जाती रहेंगी। यह स्थगन खाद्य और औषधि प्रशासन (FDA) और रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) द्वारा की गई डेटा की समीक्षा का परिणाम है जिसमें 18-48 वर्ष की आयु की महिलाओं में दुर्लभ, गंभीर किस्म के रक्त के थक्के उत्पन्न होने के छह मामले शामिल हैं। ये लक्षण वैक्सीनेशन के बाद छह से 13 दिनों में सामने आए।

कृपया ध्यान दें कि Georgia लोक स्वास्थ्य विभाग (DPH) के अनुसार, इन छह मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति को Georgia में वैक्सीन नहीं लगाई गई थी। इसके अलावा, DPH के अनुसार, ये प्रतिकूल घटनाएं बहुत दुर्लभ दिखाई देती हैं, लेकिन सावधानी के तौर पर, Johnson & Johnson वैक्सीन का उपयोग तब तक के लिए रोका जाएगा जब तक वैज्ञानिक इन मामलों से जुड़े डेटा की समीक्षा नहीं कर लेते।

DCSD हमारे कर्मचारियों की सरक्षा, स्वास्थ्य, और कशलता के प्रति वचनबद्ध है। हम सनिश्चित करना चाहते हैं कि आपको मौजदा वैज्ञानिक डेटा की जानकारी दी जाती रहे। अपने कर्मचारियों को Pfizer और/या Moderna वैक्सीन उपलब्ध होते ही लगाने की दिशा में हम DCBOH और अन्य भागीदारों – Walgreens और Briarcliff फार्मेसी के साथ काम करना जारी रखेंगे।

**2021 के पहला और दूसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थी**

मैं 2020-2021 में पहला और दूसरा स्थान पाने वाले हमारे विद्यार्थियों को बधाई देना चाहती हूँ! पिछले 13 वर्षों में आपकी कड़ी मेहनत का परिणाम वो उच्चतम सम्मान है जो एक हाई स्कूल सीनियर हासिल कर सकता है। हमें आपके ऊपर बहुत गर्व है और आशा करते हैं कि भविष्य में भी आपका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा!

| स्कूल | पहला स्थान | दूसरा स्थान |
|---|---|---|
| Arabia Mountain हाई सकूल **(मैगनेट)** | Makayla Johnson | Aderolawe Adeseye |
| Arabia Mountain हाई सकूल **(रेज़िडेंट)** | Ashanti Lawson | Ajah Hentz-Gilmore |
| Cedar Grove हाई सकूल | Etimfon Bassey | Karentyn Jenkins |
| Chamblee Charter हाई सकूल **(मैगनेट)** | Matthew Lombardo | Victor Lim |
| Chamblee Charter हाई सकूल **(रेज़िडेंट)** | Richard Von Biberstein | Anika Karim<br>Molly Silverman |
| Clarkston हाई सकूल | Kaylor Le | Selihom Araia |
| Columbia हाई सकूल **(मैगनेट)** | Makiya Walker | Camille Williams |
| Columbia हाई सकूल **(रेज़िडेंट)** | Chanelle Taylor | Zaniab Saccoh |
| Cross Keys हाई सकूल | Uriel Cataneda | Jonathan Marquez |
| DeKalb अर्ली कॉलेज एकेडमी | Nirmala Niraula<br>Moontashir Siam | Thang Huynh |
| DeKalb स्कूल ऑफ आर्ट्स | Willa Grace Pevey | Jamine Yvette Ward<br>Nia Capers |
| Druid Hills हाई स्कूल | Rohit George | William Wainwright |
| Dunwoody हाई स्कूल | Megan Vander Wiele | Seung Joo Lee |
| Lakeside हाई स्कूल | Katherine Kim | Zakir Ahmedin |
| Lithonia हाई सकूल | Mercedes Fyffe | Jordan Scott |
| Martin Luther King Jr. हाई सकूल | Mariana Vega-Alvarez | Ariel McDowall |
| Miller Grove हाई सकूल | Aniya Williamson | Gababa Hassan |
| Redan हाई सकूल | Mahamud Sheikh | Jadah Willis-Davis |
| Ronald E. McNair हाई सकूल | Colby Sidwell | Luis Marcial Guzman |
| Southwest DeKalb हाई सकूल **(मैगनेट)** | Danielle Jones | Aniyah Lee |
| Southwest DeKalb हाई सकूल **(रेज़िडेंट)** | Amisha Martin | Alani Duncan |
| Stephenson हाई सकूल | Marc Lewis | Mason Howard |
| Stone Mountain हाई स्कूल | Sandy Huynh | Soe Thiha |
| Tapestry चार्टर स्कूल | Kenda Holloway | Vincent Crosby |
| Towers हाई सकूल | Yesenia Martinez | Morgan Mouzon |
| Tucker हाई सकूल | Benen Cheney | Sofia Khemani |

**<u>संगीत शिक्षा</u>**




(2021 संगीत शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ समुदाय)

मैं हमारे संगीत शिक्षकों और विद्यार्थियों को संगीत में उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के लिए बधाई देती हूँ! DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट का चयन नेशनल असोसिएशन ऑफ म्यूज़िक मर्चेंट्स फ़ाउंडेशन (NAMM) द्वारा “2021 संगीत शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ समुदाय” में से एक के तौर पर किया गया है। यह सम्मान हमारे शिक्षकों, प्रशासकों, माता-पिता, विद्यार्थियों और DeKalb समुदाय के लीडरों के शानदार समर्थन और कार्य का नतीजा है।

यह सम्मान उन शिक्षकों, प्रशासकों, माता-पिता, विद्यार्थियों और समुदाय के लीडरों द्वारा किए गए शानदार प्रयासों को मान्यता देता है जिन्होंने संगीत शिक्षा को बेहतरीन शिक्षा का एक हिस्सा बनाया है। ऐसे डिस्ट्रिक्ट और स्कूलों को सम्मानित किया जाता है जो संगीत शिक्षा के प्रति असाधारण रूप से समर्पण और पहुँच प्रदान करते हैं। प्रत्येक स्कूल के चयन में NAMM द्वारा एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण का आयोजन किया गया था।

हमारे संगीत शिक्षकों, विद्यार्थियों, प्रशासकों, माता-पिता और समुदाय के लीडरों का उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद!

**<u>बोनस भुगतान</u>**

मैं हमारे वित्त, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों का DCSD के कर्मचारियों के प्रति समर्पण दिखाने और छुट्टियों में भी काम करते रहने के लिए धन्यवाद करना चाहती हूँ ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि पात्र कर्मचारी राज्य द्वारा अनुमोदित बोनस भुगतान प्राप्त कर पाएं। जैसा कि पहले बताया गया था, कर्मचारियों को अप्रैल माह में अपने भुगतान प्राप्त करने की आशा रखनी चाहिए। DCSD अपने कर्मचारियों औरहमारे विद्यार्थियों के प्रति उनके योगदान को महत्व देता है। हम आप सभी की सराहना करते हैं!

**<u>स्वलीनता जागरूकता माह</u>**

अप्रैल 2021 को राष्ट्रीय स्वलीनता जागरूकता माह के तौर पर मान्यता देने के लिए DCSD ने देश भर के परिवारों और संगठनों से हाथ मिलाया है। इस अवसर पर स्वलीनता से पीड़ित बच्चों और युवाओं के साथ-साथ उनकी सेवा करने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित किया जाता है। हम अपने असाधारण विद्यार्थियों का सम्मान करते हैं!

आशा करते हैं आपका सप्ताह बढ़िया हो, और रमज़ान मनाने वालों को रमज़ान मुबारक!